# 500 के नकली नोट छापने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने कम्प्यूटर सहित उपकरण किए जब्त

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 नवंबर. पिपलानी थाना पुलिस ने 500 रुपये के नकली नोट छापने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी के संबंध में जानकारी साझा की. आरोपी के पास पुलिस ने 2 लाख से अधिक के नकली नोट बरामद किए हैं. पुलिस ने इसके साथ ही आरोपी के घर से नकली नोट तैयार करने वाले उपकरणों को भी बरामद किया है.**





एडिशनल डीसीपी गौतम सोलंकी ने बताया कि शहर में नकली नोट तैयार करने वाले आरोपी विवेक यादव को गिरफ्तार किया है. शुक्रवार के दिन आरोपी विवेक पिपलानी क्षेत्र में शांति नगर झुग्गी बस्ती के पास नकली नोट चलाने की फिराक में था. आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली. पुलिन की तलाशी के दौरान उसके पास 500 रुपये के 23 नकली नोट बरामद किए गए.

सोलंकी ने बताया कि आरोपी विवेक करोंद क्षेत्र का रहने वाला है. इसी दौरान आरोपी से पूछताछ करते हुए पुलिस उसे साथ लेकर उसी के घर पहुंची, जहां 2 लाख 25 हजार नकली नोट बरामद किए. आरोपी ने जिन कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर सहित उपकरणों का इस्तेमाल किया था, उसे भी जब्त किया गया.

> पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी विवेक ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि वह प्रिंटिग प्रेस में काम कर चुका है. नकली नोट तैयार करने का ख्याल उसके जहन में आया और उसने जरूरी उपकरणों की व्यवस्था की. पिपलानी पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने यह कबूला है कि नकली नोट को छापने से पहले उसने सोशल मीडिया पर कई अहम् जानकारियां जुटाई. इसके लिए उसने कुछ किताबों की स्टडी भी की. आरोपी विवेक 10वीं पास है और कम्प्यूटर में डिजाइनिंग सहित जरूरी जानकारियां उसने अपने अनुभव से सीखी है. आरोपी ने अब तक कितने नकली नोट चलाए हैं. इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है.




**टैंट से इज्तिमा की निगरानी**

**भोपाल.** इज्तिमा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी परिसर में मौजूद रहे. टैंट में व्यवस्था को लेकर चर्चा करते अधिकारी दिखाई दिए.

## अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि का छठा दीक्षांत समारोह 25 दिसंबर को

**भोपाल.** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का छठा दीक्षांत समारोह 25 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर राजा भोज हॉल भोपाल के सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के स्नातक बीए बीएससी बीकॉम बीसीए बीबीए बीएड बीएफए बीलिब तथा विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अंतिम वर्ष या सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पात्रतानुसार उपाधि और पदक प्रदान किए जाएंगे। पात्र विद्यार्थियों की प्रवीण्य सूची और पदक सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

# महिला के पास मिला एमडी मादक पदार्थ

## पुलिस ने जब्त किया महिला का मोबाइल

**भोपाल, 15 नवंबर. टीला पुलिस ने 'आपरेशन प्रहार' के तहत कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी के पास से एमडी मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया. शनिवार को पुलिस ने आरोपी महिला के पास से एक महंगा फोन भी जब्त किया है.**

टीला पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि इस्लामी गेट के पास ग्राउंड में एक महिला सुबह के समय खड़ी मिली. पुलिस ने महिला के पर्स की तलाशी ली. पर्स के अंदर छोटी-छोटी 8 पारदर्शी पन्नी मिली, जिसमें सफेद रंग का बारीकदार तीव्र गंध वाला पाउडर (एमडी ड्रग्स) और एक ब्राडेड कंपनी का महंगा मोबाईल फोन मिला. महिला से



मादक पदार्थ रखने के संबंध मे वैध लायसेंस मांगा गया तो उसने इससे इंकार किया. आरोपी महिला की पहचान यक्सा खान (25) निवासी कोहेफिजा के रूप में की गई. पुलिस ने आरोपी महिला के पास से 1 लाख 52 हजार रुपए का मशरूका बरामद करते हुए महिला को कोर्ट में पेश किया.

# सिग्नल पासिंग एट डेंजर की रोकथाम के लिए सेमिनार

**भोपाल,15 नवम्बर . पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा एसपीडीए ( सिग्नल पासिंग एट डेंजर ) की घटनाओं की रोकथाम एवं परिचालन सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, भोपाल के सभागार में एक विस्तृत सुरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया.**

सेमिनार में पश्चिम मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी/मैकेनिकल जबलपुर, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरओ), वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तथा वरिष्ठ मंडल सिग्नल/टेलीकॉम इंजीनियर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.




> **आत्मअनुशासन सुरक्षित रेल संचालन की आधारशिला**
> सेमिनार में यह संदेश प्रमुखता से दिया गया कि निरंतर प्रशिक्षण, जागरूकता और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय से एसपीडीए जैसी घटनाओं को पूरी तरह रोका जा सकता है. नियमों का पालन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और आत्मअनुशासन सुरक्षित रेल संचालन की आधारशिला हैं. इस अवसर पर लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, शंटर सहित टीआरओ, परिचालन तथा सिग्नल/टेलीकॉम विभागों के कई अधिकारी-कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई. भोपाल मंडल कर्मचारियों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और संचालन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा.

सत्र के दौरान पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एसपीडीए की घटनाओं के कारण, उनके दुष्प्रभाव तथा रोकथाम के प्रभावी उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. उपस्थित रेलकर्मियों के साथ इंटरैक्टिव चर्चा करते हुए वास्तविक परिस्थितियों में एसपीडीए से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव और अनुभव साझा किए गए. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि सेमिनार में एसपीडीए जैसी गंभीर घटनाओं को रोकने के लिए निर्धारित सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया गया. साथ ही स्वस्थ खानपान, शारीरिक फिटनेस, सतर्कता बढ़ाने के लिए योग-प्राणायाम, माइंडफुलनेस तथा थकान प्रबंधन के तरीकों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई.

# भाई ही निकला भाई का हत्यारा

## भाभी के साथ अवैध संबंध का है आरोप

**भोपाल, 15 नवंबर. कमला नगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुए एक मर्डर केस का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार किया. मृतक का सगा भाई ही हत्यारा निकला. मृतक की पत्नी से अवैध संबध के चलते उसके भाई ने ही हत्या की वारदात की थी.**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते पीसी नगर नया बसेरा में एक मकान में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखा. मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिले वह अपने घर के अंदर पड़ा मिला. मृतक के पिता ने पूछताछ में बताया कि अज्ञात हत्यारे ने धारदार हथियार से सिर और गले मे चोट पहुंचाकर हत्या की है. पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की.

पुलिस ने मृतक के घर के आसपास के आने जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी. घटना के समय किसी भी अज्ञात हत्यारे के नहीं दिखने पर पुलिस ने मृतक के भाई से पूछताछ शुरू की, तब हत्या का खुलासा हुआ.

> थाना पुलिस के मुताबिक मृतक धर्मेन्द्र चौहान का उसके छोटे भाई मनोज चौहान उर्फ राजू से अक्सर विवाद होता था. चौहान की पत्नी का मनोज के साथ अवैध संबंध भी था. एक साल पहले दोनों साथ में घर से भाग गए थे, जिससे दोनों भाइयों के बीच विवाद चलता रहता था. आरोपी से पुलिस ने मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ की तो उसने हत्या की घटना को स्वीकार किया. मामले में पुलिस का कहना है कि जांच जारी है, अगर मृतक की पत्नी की भी हत्या में सहभागिता पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी.

# सांसद शर्मा के बूथ मैनेजमेंट से जीते हायाघाट विधानसभा सीट

**▶ सांसद ने सभी मंडलों के गांवों में पहुंचकर की बैठक**

**भोपाल, 15 नवंबर. दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा सीट पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा का बूथ मैनेजमेंट मत प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रहा है. डॉ रामचन्द्र प्रसाद ने रिकार्ड 11 हजार 839 मतों से विजय प्राप्त की है. भाजपा के राम के प्रचार में भोपाल सांसद आलोक शर्मा की मेहनत रंग लाई है. यहां सीपीएम के श्याम की करारी हार हुई है.**

सांसद शर्मा ने हायाघाट के सभी चारों मंडलों में निचले स्तर पर और गांव.गांव जाकर बैठकें की थीं. बूथ



सम्मेलनों में उनके द्वारा बूथ अध्यक्ष, बीएलए और रिलीवर को दिए टिप्स से बूथों पर कसावट देखने मिली है. एनडीए के रामचंद्र प्रसाद ने लेफ्ट पार्टी सीपीएम के श्याम भारती को 11839 वोटों के अंतर से हरा दिया. इस सीट पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे. जन सुराज पार्टी की प्रतिभा सिंह, बहुजन समाज पार्टी के नागेश्वर दासए जनशक्ति जनता दल के जगन्नाथ सिंह कोई कमाल नहीं कर पाए.

# चलती रेड बस में लगी आग

**बाल-बाल बची सवारियां**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 नवंबर. बीसीएलएल की चलती लो फ्लोर रेड बस में शनिवार को अचानक आग लग गई. बस में बैठी सवांरियां आगजनी होने पर घबरा गई और अफरा-तफरी मच गई. ड्राइवर-कंडक्टर ने हादसे के दौरान फंसी सवारियों को सही सलामत उतार लिया. हादसे को लेकर विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है.**

मिली जानकारी के मुताबिक भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड की टीआर-4 बस जब लिंक रोड नंबर-1 पर बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की तरफ जा रही थी. इसी दौरान बस से अचानक धुआं निकलने लगा. आगजनी की घटना को देखते हुए बस के अंदर



शोरगुल मच गया. बस के अंदर धुआं भर जाने से लोगों को दिखाई भी नहीं दे रहा था. ड्राइवर और कंडक्टर ने बस से कूदकर लोगों को बारी-बारी से सूझबूझ करते हुए उतारा. गनीमत रही कि हादसे में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ. घटना के दौरान करीब 10 सवारियां बस के अंदर मौजूद थी. हादसे की जानकारी सामने आने के बाद अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है.

# ढाबे में मिली अवैध शराब

## पुलिस ने ढाबा मालिक पर की कार्रवाई

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 नवंबर. खजूरी थाना सड़क पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले एक ढाबे के मालिक के खिलाफ कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 40 लीटर अंग्रेजी और देशी शराब की पेटियां जब्त की. एक कार सहित 14 लाख रुपए से अधिक का मशरूका बरामद किया गया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देर रात क्षेत्र में होटल, ढाबा और लाज का चैकिंग अभियान चलाया. इसी दौरान लखापुर स्थित रौनक ढाबा में दाबिश दी गई, जहां एक व्यक्ति लक्ष्मण सिंह मेवाडा (42) मिला. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुद को ढाबे का मालिक बताया.



लक्ष्मण ने बताया कि वह ग्राम ईटखेड़ी छाप का निवासी है और कई सालों से यहां ढाबा चला रहा है. ढाबे की चेकिंग करने पर पुलिस को वहां अंग्रेजी शराब की बोतलें, बियर की पेटी और देशी शराब के 94 क्वार्टर मिले. ढाबे पर खड़ी एक के बारे में पूछताछ करने पर लक्ष्मण सिंह ने इसे अपनी ही बताया. कार की तलाशी करने पर उसमें से भी अवैध शराब की बोतलें मिली. आरोपी से पुलिस ने सभी का लाइसेंस मांगा, जिसे नहीं दिखा पाने के चलते पुलिस ने उसे आरोपी बनाते हुए कार्रवाई की.

# सीएम हाउस पहुंची करणी सेना, मांगों को लेकर प्रदर्शन

## दिनभर के प्रदर्शन के बाद मिला आश्वासन

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 नवंबर. करणी सेना ने हरदा प्रकरण में कलेक्टर और एसपी के निलंबन की कार्रवाई को लेकर शनिवार को भोपाल में प्रदर्शन किया. देर शाम को कार्यकर्ता सीएम हाउस का घेराव करने पहुंचे. पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोककर सीएम हाउस के अधिकारियों से उनकी मुलाकात कराई. अपनी मांगों को लेकर सीएम हाउस की तरफ बढ़े रहे कार्यकर्ताओं ने आश्वासन मिलने पर प्रदर्शन को रोक दिया.**

प्रदेश के मुखिया से मिलकर अधिकारियों पर कार्रवाई सहित 15 सूत्रीय मांगों को लेकर पंडित खुशीलाल ग्राउंड पर करणी सेना के कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे. दोपहर बाद तक अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने पर



कार्यकर्ता खुद ही सीएम हाउस की ओर बढ़ गए. प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सीएम हाउस से पहले रोका. इस दौरान मुख्यमंत्री के मौजूद नहीं होने पर संगठन के 8 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी मांगे रखते हुए ज्ञापन सौंपा. अधिकारियों की तरफ से मांगो को लेकर कार्रवाई किए जाने का 25 नबंर तक आश्वासन मिलने के बाद कार्यकर्ता वापस लौटे.

> **दोषी अधिकारियों पर की जाए कार्रवाई**
> करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने इस मौके पर कहा कि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मुख्यमंत्री से मांग की गई है. करणी सेना की तरफ से बताया गया कि हरदा में करणी सेना पदाधिकारी से 1.52 कैरेट हीरे के नाम पर 18 लाख की ठगी हुई थी. इस मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर करणी सेना ने सवाल उठाए. इसके साथ ही कुछ कार्यकर्ताओं को पीटने का पुलिस पर आरोप लगाया गया है. हरदा में हुए मामले को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया गया.

# निकायों में पौधरोपण की कार्य योजना अगले माह तक बनेगी

**▶ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किए निर्देश**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 नवंबर. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को वर्ष 2026 में किये जाने वाले व्यापक पौध-रोपण अभियान की तैयारी और इससे जुड़ी कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये हैं. इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों से कार्य-योजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने के लिये भी कहा है. प्रदेश में वर्ष 2025 में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों द्वारा करीब 36 लाख पौधों का रोपण किया गया है. निकायों को लगाये गये पौधों की सुरक्षा में सजगता बरतने को भी कहा गया है.**

नगरीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने क्षेत्रों में हितधारकों की बैठक और कार्यशाला आयोजित कर वर्ष 2026 के पौध-रोपण लक्ष्यों का पहले आकलन करें और उसके अनुसार रणनीति बनायें. निकायों को यह भी सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है कि कुल लक्ष्य में से शेष पौध-रोपण का कार्य निकायों द्वारा अपने संसाधनों से करना होगा. निकाय सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लान, ओवरहेड टैंक के आसपास की भूमि, सड़कों के दोनों ओर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं शासकीय परिसरों की बाउण्ड्रीयुक्त भूमि, नदियों, नालों, तालाबों, डैम एवं नहरों के किनारों के साथ मुक्तिधाम और खेल मैदानों के आसपास का क्षेत्र चिन्हित करने के लिये कहा गया है. शहरी क्षेत्र में पौधों की उपलब्धता के लिये उद्यानिकी एवं वन विभाग की नजदीकी नर्सरियों से अभी से सम्पर्क किया जाये. पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पौधों के क्रय के लिये बजट के इंतजाम का प्रस्ताव जल्द तैयार किया जाये.

नगरीय क्षेत्र में अधिकतम हरियाली बढ़ाने के लिये जामुन, अर्जुन, देशी बबूल, बड़े वृक्षों जैसे पीपल, बरगद, आम, महुआ, इमली आदि प्रजातियों के पौधे को प्राथमिकता दी जाये. बीज छिड़काव के लिये उत्तम व्यवस्था की जाये. संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि वर्ष 2026 के पौध-रोपण कार्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवम्बर माह से ही साप्ताहिक समीक्षा की जायेगी.

**▶ सुरक्षा के साथ हरियाली का भी विस्तार होगा**

निर्देश में यह भी कहा गया है कि शहरी क्षेत्र के कुछ भवनों में बाउण्ड्री-वॉल नहीं होती है, वहां मेहंदी की बाउण्ड्री-वॉल सुरक्षा के हिसाब से लगाने के प्रस्ताव भी तैयार किये जायें. इससे परिसर में सुरक्षा के साथ हरियाली का भी विस्तार होगा. नगरीय निकायों से कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2026 के पौध-रोपण के साथ जल संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव भी तैयार किये जायें. इन दोनों उपायों से शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ पर्यावरण सुधार में बेहतर कार्य हो सकेगा.

**चर्चा** ▶ मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक

# कांग्रेस बैठक में अन्याय और उपेक्षा पर चिंता जताई

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,15 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किए गए भगवती प्रसाद चौधरी की उपस्थिति में आयोजित यह बैठक उनके प्रथम आगमन पर विभागीय पदाधिकारियों द्वारा दिए गए गर्मजोशीपूर्ण स्वागत के साथ शुरू हुई.**

बैठक में पार्टी संगठन में



अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की भूमिका, महत्व और उनकी सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई. अपने उद्बोधन में चौधरी ने इन समुदायों के साथ हो रहे अन्याय और उपेक्षा पर गंभीर चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि पार्टी इस समय संघर्ष और चुनौती के दौर से गुजर रही है, ऐसे में संगठन की एकता और मजबूती अत्यंत आवश्यक है. हमें अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ना होगा, उन्होंने कहा. विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और सभी सदस्यों से सामूहिक प्रयासों के साथ पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया.

उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की ओर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग पार्टी की संगठनात्मक और राजनीतिक शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ है. कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमें जनता के हकों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभानी होगी, उन्होंने कहा.

> बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व महापौर दीपचंद यादव, हेमंत नरवरिया, विक्रम चौधरी, रवि वर्मा और हिरदेश किरार ने भी अपने सुझाव रखे और संगठन के विस्तार हेतु एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई. अंत में चौधरी ने आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति समुदाय के अधिकारों, सम्मान और प्रतिनिधित्व के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता को उचित सम्मान और स्थान दिया जाएगा.

## मोबाइल फोन लूट के आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** टीटी नगर थाना पुलिस ने मोबाइल फोन लूट के एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 9 मोबाइल फोन जब्त किए हैं. इसके साथ ही घटना में उपयोग की जाने वाली बाइक को भी बरामद किया है. टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक बीते 11 नवंबर को शिकायतकर्ता सुधीर कुमार (51) निवासी तुलसी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी ने बताया कि जेपी अस्पताल के सामने बाइक से आए अज्ञात बदमाशों ने झपटमारते हुए हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया था. मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की.